सं.ई-11011/27/2021/हिन्दी(रा.भा.का.स.)/ 943

भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग

केन्द्रीय जल आयोग

906(द.), सेवा भवन
रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली - 66

दिनांक: 20अप्रैल, 2021

**विषय: अध्यक्ष, के.ज.आ. की अध्यक्षता में केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 15 मार्च, 2021 को आयोजित 143वीं बैठक का कार्यवृत्त और इसमें लिए गए निर्णयों पर समयबद्ध अनुवर्ती कार्रवाई करने के संबंध में।**
**(Minutes of the 143rd Meeting of Official Language Implementation Committee of Central Water Commission (Headquarters) held on 15 March, 2021 and time-bound action on decisions taken therein-reg.)**

**महोदय/महोदया,**

अध्यक्ष, के.ज.आ. की अध्यक्षता में दिनांक 15 मार्च, 2021 को पूर्वाह्न 11.00 बजे आयोजित केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 143वीं बैठक का कार्यवृत्त आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न है।

अनुरोध है कि उक्त बैठक में लिए गए निर्णयों पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए और की गई कार्रवाई से हिंदी अनुभाग, केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) को अवगत करवाया जाए।

**संलग्नक** : यथोक्त

भवदीया,

कृते [signature]

**(रजिन्दर पाल)**
उप निदेशक (राजभाषा)
दूरभाष सं: 29583720

1. समिति के सभी सदस्य (सूची के अनुसार)।
2. सभी मुख्य अभियंता, क्षेत्रीय कार्यालय, केन्द्रीय जल आयोग।
3. सभी समन्वय निदेशालय/ अनुभाग अधिकारी, केन्द्रीय जल आयोग।

**केंद्रीय जल आयोग (मुख्यालय) की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 15.03.2021 को पूर्वाह्न 11.00 बजे आयोजित 143वीं बैठक का कार्यवृत्त**

अध्यक्ष, केंद्रीय जल आयोग की अध्यक्षता में, केंद्रीय जल आयोग (मुख्यालय) की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 143वीं बैठक दिनांक 15.03.2021 को पूर्वाह्न 11.00 बजे आयोजित की गई।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सर्वप्रथम संयुक्त सचिव महोदय ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया और कहा कि इस बैठक में सितम्बर, 2020 और दिसम्बर, 2020 के आंकड़ों का तुलनात्मक विश्लेषण किया जाएगा। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि पिछली तिमाही की तुलना में इस तिमाही में हिंदी में मूल पत्राचार की प्रतिशतता में वृद्धि हुई है। अत: आयोग में राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार में निरंतर सुधार हो रहा है। उन्होने उम्मीद ज़ाहिर की कि इस प्रक्रिया को जारी रखा जाय। उसके बाद उन्होंने उप निदेशक (रा.भा.) से मदवार आगे की कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया ।

सदस्य सचिव ने समिति के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बताया कि दिनांक 21.12.2020 को आयोजित की गई पिछली बैठक का कार्यवृत्त दिनांक 01.01.2021 के पत्र द्वारा सभी सदस्यों और अनुभागों को परिचालित कर दिया गया था। इस संबंध में इस पर कहीं से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई। अत: कार्यवृत्त की पुष्टि की जा सकती है। समिति के सदस्यों की सहमति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि इस तिमाही में केंद्रीय जल आयोग (मुख्यालय) में धारा 3(3) तथा नियम-5 का पूर्णत: अनुपालन किया गया है और हिंदी टिप्पण में भी निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है। राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु अनुभागों का निरीक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन कर अधिकारियों/कर्मचारियों को सरकारी काम अधिक से अधिक हिन्दी में करने हेतु प्रेरित किया गया। इसके बाद, सदस्य सचिव ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई से सभी को अवगत करवाया और मदवार चर्चा शुरू की।

समिति के उपस्थित सदस्यों की सूची अनुबंध 'क' पर संलग्न है।

उक्त बैठक में विचार-विमर्श के पश्चात लिए गए निर्णय निम्नानुसार है:-

1. सदस्य सचिव ने बताया कि पिछली बैठक में केंद्रीय जल आयोग के क्षेत्रीय कार्यालयों के 10 कनिष्ठ हिंदी अनुवादकों के रिक्त पदों के

रिवाइवल/सृजन करने के संबंध में स्थापना-7 अनुभाग द्वारा मंत्रालय को पुन: फाइल भेजी जा चुकी है और यह मामला वर्तमान में मंत्रालय के विचाराधीन है। अध्यक्ष महोदय ने मामला व्यक्तिगत स्तर पर देखने को कहा।

**(कार्रवाईः स्थापना-7 अनुभाग)**

2. सदस्य सचिव ने बताया कि पिछली बैठक में उच्चाधिकारियों द्वारा कंप्यूटर पर हिंदी में काम करने में आने वाली समस्याओं पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया था कि वॉयस टूल खरीदकर इसे उप सचिव तथा इसके ऊपर के सभी अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाए। इस संबंध में उप निदेशक, एसएमडी निदेशालय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान इन उपकरणों की खरीद हेतु फंड उपलब्ध नहीं है। तथापि, इसे अगले वित्तीय वर्ष अर्थात् वित्तीय वर्ष 2021-22 के प्रारंभ में खरीदा जा सकता है। अध्यक्ष महोदय ने एसएमडी निदेशालय को निदेश दिया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 की प्रथम तिमाही में ही इन उपकरणों की खरीद और संवितरण का कार्य पूरा कर लिया जाए। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि केंद्रीय जल आयोग में इन उपकरणों को उपलब्ध कराने से हिंदी में अधिक से अधिक कार्य किया जाना संभव हो सकेगा तथा राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य और संसदीय राजभाषा समिति को दिए गए आश्वासनों को पूरा किया जा सकेगा।

**(कार्रवाईः एसएमडी निदेशालय / हिंदी अनुभाग)**

3. क्षेत्रीय कार्यालयों की तिमाही रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान, सदस्य सचिव ने यह सूचित किया कि तिमाही रिपोर्ट में कुछ क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा यह लिखा गया है कि कोविड-19 के कारण कार्यशाला का आयोजन नहीं किया जा सका है। अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि यदि हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जाना सामान्य रूप से संभव नहीं होता है तो मुख्यालय की तरह ही इन कार्यालयों को ऑन-लाइन कार्यशाला आयोजित करने का निदेश देते हुए पत्र भिजवाया जाए।

**(कार्रवाईः हिंदी अनुभाग/संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय)**

**अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ ही बैठक सम्पन्न हुई।**

**<u>अनुबंध - 'क'</u>**

**अनुबंध - 'क'**

**अध्यक्ष, केंद्रीय जल आयोग की अध्यक्षता में दिनांक 15 मार्च, 2021 को पूर्वाह्न 11.00 बजे आयोजित 143वीं बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची:-**

| क्र. सं. | नाम एवं पदनाम<br>सर्वश्री / श्रीमती / कुमारी | |
|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष, केंद्रीय जल आयोग | अध्यक्ष |
| 2. | समीर चटर्जी, मुख्य अभियंता (मा.सं.प्र.), केन्द्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 3. | मोती लाल, संयुक्त सचिव, केन्द्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 4. | प्रवीण कुमार, सचिव, केंद्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 5. | एस.के. राजन, निदेशक, तकनीकी समन्वय, केन्द्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 6.. | दीपक कुमार, निदेशक, नदी प्रबंध समन्वय निदेशालय, केन्द्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 7. | बी.बी. शईकीया, निदेशक, पीसीपी निदेशालय, केन्द्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 8. | संजय गंगवार, निदेशक, प्रशिक्षण निदेशालय, केन्द्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 9. | राजीव सिंघल, निदेशक, तटबंध (पू. एवं उ.पू.) निदे., केंद्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 10. | भूपिन्द्र सिंह, निदेशक, जल आयोजना, परियोजना (सम.) निदे., के.ज.आ | सदस्य |
| 11. | निरंजन बर, निदेशक, अभिकल्प एवं अनुसंधान (सम.) निदे., के.ज.आ. | सदस्य |
| 12. | ई.वेंकटेश्वर्लु, उप निदेशक, पुस्त.एवं सूचना ब्यूरो प्रशि.निदे., के.ज.आ.आयोग | सदस्य |
| 13. | आर.के. शर्मा, उप निदेशक, अभिकल्प एवं अनुसंधान (सम.) निदे., के.ज.आ. | सदस्य |
| 14. | शिव सुन्दर सिंह, उप निदेशक, डब्ल्यूएसई निदेशालय, केन्द्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 15. | धीरज सिंघल, उप निदेशक, एसएमडी निदेशालय, के.ज.आ. | सदस्य |
| 16. | रजिन्दर पाल, उप निदेशक (रा.भा.), केंद्रीय जल आयोग | सदस्य सचिव |
| | **अन्य सदस्य** | |
| 1. | छन्नू राम, निजी सचिव, हिंदी अनुभाग, केन्द्रीय जल आयोग | हिन्दी अनुभाग |
| 2. | विनय कुमार मिश्र, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, हिंदी अनुभाग, के.ज.आ. | हिंदी अनुभाग |
| 3. | इंद्रा एस, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, हिंदी अनुभाग, केन्द्रीय जल आयोग | हिन्दी अनुभाग |
| 4. | रोली श्रीवास्तव, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी,हिंदी अनुभाग, केन्द्रीय जल आयोग | हिन्दी अनुभाग |
| 5. | पुनीत पाण्डेय, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, हिंदी अनुभाग, केन्द्रीय जल आयोग | हिन्दी अनुभाग |